हरिभूमि


# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़



04 बाइकों की खतरनाक भिड़ंत में युवक ने गंवाई जान


07 परीक्षा सामग्री समन्वय केंद्र तक पहुंचाने में छूटे प्रशासन...




## खबर संक्षेप

### आरसेटी सागर में दस दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन मे 29/1/2026 को आरसेटी सागर में कृषक सहयोग संस्थान द्वारा दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन किया गया जिसमें 8 गांवों के 33 दिव्यांजनो ने कौशल विकास का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरांत इन प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के लिए आवेदन किया गया। सभी प्रतिभागियों को सफलता पूर्वक 10 दिवस का प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र डिप्टी कलेक्टर रजत सोनी सामाजिक न्याय विभाग से जेडी डॉ डीएस यादव, आर सेटी की निर्देशक गायत्री आजीविका मिशन से राधे तिवारी द्वारा प्रदान किए गए आभार प्रदर्शन गर्व से सेंटर समन्वयक चंद्रप्रकाश सेन द्वारा किया गया। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कृषक सहयोग संस्थान सागर टीम से प्रशांत सेन, हरनाम सिंह चढार, निखिल उपस्थित रहे।

### नगर निगम कर्मचारी के निधन पर शोक सभा आयोजित की

**सागर।** नगर निगम के कर्मचारी जितेंद्र रैकवार के असामयिक निधन पर नगर निगम कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। महापौर संगीता सुशील तिवारी ने अपने शोक संदेश में कहा कि रैकवार एक कर्तव्यनिष्ठ, सरल एवं समर्पित कर्मचारी थे, जिनका अचानक निधन नगर निगम परिवार के लिए अपूर्णनीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य व संबल दें। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने भी गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि रैकवार ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ सेवाएं दीं। उनका व्यवहार सहयोगपूर्ण एवं सौम्य था, जिसे सदैव याद किया जाएगा। ईश्वर उनके परिवार को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।शोकसभा में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा : 142 केंद्रों पर 58000 परीक्षार्थी होंगे शामिल

# माध्यमिक शिक्षा मंडल के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए परीक्षा संपन्न कराएं : कलेक्टर संदीप जी आर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सागर माध्यमिक शिक्षा मंडल की दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए परीक्षा संपन्न कराएं एवं मोबाइल सहित समस्त इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी एवं सोशल मीडिया पर रखें पैनी निगाह साथ ही संपूर्ण बोर्ड परीक्षा के लिए जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी नोडल अधिकारी होगे। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के संबंध में संबंधित शिक्षा विभाग सहित अन्य अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, संभागीय अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल आरएस दाहिमा, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, समन्वय संस्था के प्राचार्य सुधीर तिवारी, शैलेंद्र जाट सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर संदीप जी आर आर ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित होने वाली कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे एवं मंडल की निर्देशों का अक्षर का पालन करते हुए परीक्षा को संपन्न करवाए। उन्होंने कहा कि कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए उड़न दस्ता की तैनाती की जावे एवं लगातार निरीक्षण किए जाएं। परीक्षा पूर्णतः निर्विघ्न रूप से संपन्न हो इसके लिए परीक्षा मंडल के निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा को पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि कलेक्टर प्रतिनिधि अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए पुलिस थाने से लेकर परीक्षा केंद्र तक पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे कहीं कोई गड़बड़ी होने पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि जिले में 142 परीक्षा केंद्र तैयार किए गए हैं जिनमें 58000 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे सभी 142 परीक्षा केंद्रों पर केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक मंडल के निर्देशों का पालन करते हुए अपने-अपने मोबाइल परीक्षा के पूर्व परीक्षा केंद्र पर जमा करेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया कि हाई स्कूल परीक्षा कक्षा दसवीं में 33998 कक्षा 12वीं हाई सेकंडरी परीक्षा के लिए 24882 कुल 58880 परीक्षार्थी शामिल होंगें। जिले में दो अति संवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष आब्जर्वर तैनात किए गए हैं दो अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों में शासकीय पंडित रविशंकर शुक्ल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं महारानी लक्ष्मीबाई सांदीपनि विद्यालय क्रमांक एक सागर बनाए गए हैं।

कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि मंडल की निर्देश अनुसार केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की सूची तैयार कर प्रस्तुत की जावे इसी प्रकार केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाए जिसमें सभी को पूरी जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मंडल के निर्देशानुसार सभी जानकारी पोर्टल पर प्रविष्टि की जावे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि समन्वय संस्था में विशेष व्यवस्था रखी जाए एवं पुलिस गार्ड 24 घंटे तैनात किए जाएं उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र एवं गोपनीय सामग्री पुलिस के साथ वितरण की जावे। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जावे।



### कृषि रथ ने दी उन्नत खेती की दस्तक, किसानों को बताए आय दोगुनी करने के लिए कई मंत्र

**मालथौन।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत विकासखंड मालथौन के ग्राम पंचायत पाली रैयतवारी, बम्होरी हुड्डा एवं जुझारपुरा में गुरुवार को कृषि रथ पहुँचा। यहाँ आयोजित कृषक संगोष्ठियों में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को खेती को लाभ का धंधा बनाने और आय दोगुनी करने के व्यावहारिक गुर सिखाए गए।वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ए.के. गुप्ता ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि पारंपरिक खेती के साथ-साथ ग्रीष्मकालीन फसलों जैसे मूंगफली, तिल और उड़द को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने कृषि के साथ सब्जी, फल, फूल की खेती, दुग्ध उत्पादन और मछली पालन जैसे फसल विविधीकरण को अपनाने पर जोर दिया। उर्वरक वितरण की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि किसान अब ई-विकास प्रणाली के तहत एमपी किसान पोर्टल और वेबसाइट के माध्यम से स्वयं ई-टोकन जनरेट कर खाद क्रय कर सकते हैं। धरती माता बचाओ अभियान के अंतर्गत कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण कुमार औसारी ने संतुलित उर्वरक के उपयोग और रासायनिक खाद के कम उपयोग की सलाह दी। उन्होंने ग्राम स्तरीय निगरानी कमेटी द्वारा नकली व मिलावटी उर्वरकों की निगरानी करने एवं नरवाई प्रबंधन के बारे में जागरूक किया। कृषि विस्तार अधिकारी गजेंद्र बछाने ने मिट्टी परीक्षण एवं मृदा नमूना लेने की सही विधि की जानकारी दी, जबकि नीलेंद्र तोमर ने प्राकृतिक खेती एवं कृषि की नवीन तकनीकों से किसानों को अवगत कराया। बांदरी से आए कृषि विस्तार अधिकारी देवीलाल भुगवाडे ने एकीकृत कीट प्रबंधन पर प्रकाश डाला।बड़ी संख्या में क्षेत्र के कृषक उपस्थित रहे।

## गढ़ाकोटा के नटराज ऑडिटोरियम में हुआ हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



हमारा धर्म सर्वे भवंतु सुखिनः को आदर्श मानकर काम करना सिखाता है। अगड़ा पिछड़ा का जो विचार है उसे समाप्त करके हमें सकल हिंदू समाज के हित में कार्य करना है। ऐसे विचार गढ़ाकोटा के नटराज ऑडिटोरियम में आयोजित हिंदू सम्मेलन के मुख्य वक्ता राम दरबार मकरोनिया के महंत केशव गिरी महाराज ने व्यक्त किये । उन्होंने कहा कि संत रविदास ने गंगा जी को कठौती में प्रकट कर दिया था और क्षत्राणी मीराबाई उनकी शिष्या हुईं।

भगवान राम ने भीलनी शबरी के झूठे बेर खाकर सामाजिक समरसता का उदाहरण प्रस्तुत किया था। इन महापुरुषों के कार्यों से यह संकल्प लें कि अब हम जाति और कास्ट नहीं बल्कि राष्ट्र की बात करेंगे। अन्यथा जो अभी बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहा है वही अत्याचार भारत में शुरू होने में देर नहीं लगेगी। अर्चना जैन दीदी ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर बोलते हुए कहा कि परिवार ही राष्ट्र एवं समाज की सबसे छोटी इकाई एवं आधारशिला है। यदि परिवार संस्कारवान है तो निश्चित ही समाज भी संस्कारवान बनेगा। इससे पूर्व कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने गणेश पूजन, भारतमाता पूजन, भूमि पूजन के साथ ही भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम में मौजूद बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने रामायण के शबरी प्रसंग एवं लव कुश की अति सुंदर प्रस्तुति दी।

डॉ एस चौबे ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के साथ ही गुरु तेग बहादुर का 350 वां बलिदान दिवस,भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती वर्ष एवं वंदेमातरम गीत की रचना के 150 वर्ष भी पूर्ण हो रहे हैं। संघ ने बिंदु से सिंधु तक और बीज से वटवृक्ष तक की यात्रा की है। संघ में राष्ट्र सेवक पैदा होते हैं जो वसुधैव कुटुंबकम की भावना से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य करते हैं। उन्होंने पंच परिवर्तन के अंतर्गत सभी विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। अंत में भारत माता की आरती से कार्यक्रम का समापन हुआ एवं प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर महंत श्री हरिदास जी, महंत कमला पत दास जी, पं श्रीराम भार्गव, अभिषेक भार्गव, मनोज तिवारी, संगीता मनोज तिवारी, सुरेश कपस्या, आदित्य तिवारी, कमल लहरिया, डॉ घनश्याम भारती, संजय दुबे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का परिचय शमिक कुमार शर्मा ने दिया एवं मंच संचालन विक्की जैन ने किया।



### सामुदायिक भवन में निजी स्कूल संचालित कलेक्टर के निर्देश पर खाली कराया भवन

**सागर।** सागर जिले में सामुदायिक भवन का किस तरह से उपयोग हो रहा है इसकी तस्वीर सोशल मीडिया के जरिए सामने आई। सागर जिले के रहली के गुंजोरा ग्राम में एक सामुदायिक भवन में प्राइवेट स्कूल चलाया जा रहा था। इसके साथ ही पशु बंधे थे। परिसर में चारों तरफ गंदगी फैली थी। मीडिया में खबरें आते ही प्रशासन अलर्ट हुआ और सामुदायिक भवन को खाली कराया गया। तहसील रहली स्थित गुंजौरा ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में निजी स्कूल संचालित होने एवं पशु बांधे जाने की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा एसडीएम रहली को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। एसडीएम रहली कुलदीप पाराशर के द्वारा तहसीलदार रहली को मौके पर भेजा गया। तहसीलदार रहली राजेश पांडे ने स्थल पर पहुंचकर भवन को खाली कराकर भवन को ग्राम पंचायत को सौंप दिया है।



### कार से पकड़ी अवैध शराब : 2 लाख 63 हजार का सामान किया जब्त

**सागर।** सागर जिले की रहली थाना पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक कार को पकड़ा है। कार से 7 पेटी देशी शराब जब्त की गई है। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में शराब और कार मिलाकर कुल 2 लाख 63 हजार रुपए का मशरुका जब्त किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि कार क्रमांक एमपी 15 सीबी 3582 में बड़ी मात्रा में शराब का अवैध रूप से परिवहन किया जा है पुलिस ने कार में सवार दो युवकों को हिरासत में लिया। जब कार की तलाशी ली गई तो डिक्की से 7 पेटी देशी शराब बरामद हुई। शराब मिलने पर पुलिस ने कार जब्त कर ली और आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने ले आई। जांच में पकड़ा गया एक आरोपी नाबालिग पाया गया। पुलिस ने आरोपी हल्केभाई उर्फ हल्ले पटेल निवासी पचारा पिपरिया और नाबालिग के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। रहली थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि शराब का अवैध रूप से परिवहन करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा है।



### खेल हमारे जीवन में नई ऊर्जा भरते हैं: मुहासा

**सागर।** सागर स्टेडियम के मैदान में पार्षद कप क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मधुकर शाह वार्ड के पूर्व हॉकी खिलाड़ी अब्बास खान एवं जिला कांग्रेस पार्टी ग्रामीण अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मुहासा एवं नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव नें इस टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष ज्योतिषी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमराज रजक, नगर निगम के पार्षदगण रोशनी वसीम खान, पार्षद नीलोफर चमन अंसारी, शिवशंकर गुड्डू यादव, सीमा कमल चौधरी, अजय अहिरवार, संजय रोहिदास, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव रेखा सोनी, महिला नेत्री अर्चना कनौजिया, महेश अहिरवार की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। इस टूर्नामेंट में नॉकआउट प्रक्रिया से मैच किया जा रहे हैं इसमें 16 टीमों की भागीदारी हुई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण भूपेंद्र मुहासा नें कहाँ की सारे खेल हमारे जीवन में नई ऊर्जा भरते हैं। युवा वर्ग को मोबाइल सें निकलकर मैदान में उतरना चाहिए। पार्षद कप क्रिकेट टूर्नामेंट की आयोजक पार्षद रिचा सिंह ने कहा कि हमारे शहर के स्थानीय युवाओं को इस मंच के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा।

रुद्राक्ष धाम में श्री राम कथा व प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन की व्यापक तैयारियां

# 15 एकड़ भूमि में एक लाख श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं वाटरप्रूफ कथा पंडाल, 14 बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



रुद्राक्ष धाम मंदिर में 31 जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित सप्त दिवसीय श्री रामकथा एवं श्री दक्षिणमुखी श्री हनुमानजी मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को मुख्य यज मान पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन स्थल के लिए 15 एकड़ भूमि का उपयोग हो रहा है। श्री राम कथा के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्धी प्राप्त पं प्रेमभूषण जी महाराज के समक्ष प्रतिदिन एक लाख से अधिक श्रद्धालु सुविधा जनक रूप से बैठ सकें इसके लिए रुद्राक्ष धाम के सामने स्थित स्टेडियम में वाटरप्रूफ आधुनिक डोम में कथा पंडाल बनाया गया है। कथा पंडाल में 14 बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं जिनसे पीछे तक किसी भी स्थान पर बैठे दर्शकों को एक समान कथा का आनंद आएगा।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि 15 एकड़ के मैदान में प्रतिदिन 1 लाख भक्तजन आएंगे। इस दृष्टि से पार्किंग, पेयजल, अस्थायी हॉस्पिटल आयोजन स्थल पर स्थापित किए गए हैं। हरे माधव सेवा समिति सागर एवं खुरई द्वारा निशुल्क जूता चप्पल सुरक्षा सेवा 300 सदस्यों द्वारा की जाएगी। पूरे कैंपस में एल ई दी स्क्रीन लगाई गई हैं। लेडीज जेंट्स के अलग-अलग 100-100 टायलेट्स बनाए गए हैं। प्रसाद वितरण हेतु अलग से पंडाल व्यवस्था की गई है। व्यवस्थाओं में संलग्न सभी वॉलंटियर्स ने अपनी व्यवस्था संभाल ली है। सातों दिन 24 घंटे अखंड कीर्तन हेतु पृथक पंडाल बनाया गया है। यज्ञ शाला बनाई गई है जिसमें हवन अनुष्ठान चल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 2बजे से 5 बजे तक व्यासपीठ से श्रीराम कथा का वाचन होगा। एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के व्यवस्थित, सुविधा जनक आवागमन के लिए सभी दिशाओं में कुल 50 एकड़ भूमि पर आठ से ज्यादा पार्किंग बनाई गई हैं जिनमें पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों का इंतजाम किया गया है। कथा पंडाल में समुचित बैठक व्यवस्था है जिसमें आगंतुक श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन व सहयोग के लिए बड़ी संख्या में सेवादार तथा सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहेंगे। पूरा केंपस सीसीटीवी और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में रहेगा। चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता सहित प्रत्येक आवश्यकता का ध्यान रखा गया है। बाहर से आने वाले संत महात्माओं और विशिष्ट अतिथियों के लिए दो वीआईपी कक्ष बनाए गए हैं। पूरे आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं की निगरानी और समन्वय के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है।

#### प्राण-प्रतिष्ठा के लिए आनुष्ठानिक संस्कार जारी

तैयारियों के बीच श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के विभिन्न अनुष्ठान प्रांगण में बनाई गई यज्ञशाला में प्रतिष्ठाचार्य श्री महाकालेश्वर मंदिर से पं संजय पुजारी, रावतपुरा सरकार से पं सुनील जी महाराज सहित 31 विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा मुख्य यजमान पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की सपरिवार उपस्थिति में प्रतिदिन संपन्न कराए जा रहे हैं। प्राण-प्रतिष्ठा आचार्य पं संजय पुजारी ने बताया कि 26 जनवरी से प्रारंभ हुए प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठानों में क्रमशः कलशयात्रा, हेमादी, प्रायश्चित संकल्प, दशविधि स्नान, विष्णु पूजन, नूतन यज्ञोपवीत धारण, गौरी-गणेश पूजन, वरुण पूजन, पुष्याहवाचन, षोडष मातृका वसोईधारा स्थापन पूजन,नान्दीमुख श्राद्ध, ब्राह्मण वरण,मंडप प्रवेश, दिग्रक्षण, वास्तु मंडल देवता स्थापन, वास्तु पूजन, योगिनी पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, सर्वतोभद्र मंडल देवता पूजन, मुख्य देवता पूजन, प्रतिष्ठा पूजन, अग्नि स्थापनपूजन, कुशिकंडिका, गृह शक्ति, याज्ञनिक कर्म तथा मूर्ति संस्कार विधि के अनुष्ठान तीन दिवसों में संपन्न हुए।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

**सागर।** जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2025- 26 /89 | **सूचना** | सागर दिनांक 23/01/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

| प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम म.न./प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|
| 1581 25/26 | सूबेदार | रजि बैनामा, शपथ पत्र | मनोज कुमार पिता उत्तम चंद जैन | रश्मि पति अमित भार्गव |
| 1582 25/26 | वाघराज | रजि बैनामा, शपथ पत्र | वरुण कांत पिता विजय कुमार मिश्रा | मयूर कुमार पिता महेश कुमार सोनी |
| 1583 25/26 | पन्तनगर | रजि बैनामा, शपथ पत्र | गीता पिता नरेंद्र कुमार जैन | राजकुमार पिता स्व. कस्तूरचंद जैन |
| 1584 25/26 | अम्बेडकर | रजि बैनामा, शपथ पत्र | राजकुमार पिता स्व. कस्तूरचंद जैन | संजना पति शिवम सोनी |
| 1585 25/26 | बाघराज | रजि बैनामा, शपथ पत्र | संजय पिता अमृतलाल अवस्थी | नीतू पति मानसींग पटेल |
| 1586 25/26 | बाघराज | हस्तान्तरण पत्र, शपथ पत्र | संगम गृह निर्माण समिति सागर द्वारा - सचिव लखन लाल ताम्रकार | सुनील पिता बी. एल बैसाखिया |
| 1587 25/26 | कटरा | रजि. हकत्याग पत्र शपथ पत्र | अरुणा देवी पति संतोष कुमार जैन | मुन्नी देवी पति देवेंद्र कुमार जैन |
| 1588 25/26 | तिली | मृत्यु- प्रमाण पत्र शपथपत्र | स्व. उर्मिला पति जुगल किशोर पटेल | राजा, अनुराधा, राधाबाई, रानी, भारती सभी पिता स्व. जुगलकिशोर पटेल |
| 1589 25/26 | तिलकगंज | रजि बैनामा, शपथ पत्र | राजीव पिता मोतीलाल जैन | निशांत पति स्व. ताहिर अली |
| 1590 25/26 | तिली | रजि बैनामा, शपथ पत्र | वीरेंद्र कुमार पिता गौरी शंकर चौरसिया | अभिलाषा पति राहुल साहू |

आयुक्त , नगर पालिक निगम, सागर

### सिविल सर्जन डॉ शुक्ला के निर्देशों को किया जा रहा है अनदेखा

# हद है...जिला अस्पताल में पुनः दिखी कर्मचारियों की अमानवीय व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिला अस्पताल की तस्वीरें अब सिर्फ़ बदहाली नहीं, बल्कि अमानवीय सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था का सबूत बनती जा रही हैं। जिसका प्रमाण लगातार वायरल होते अमानवीय व संवेदनाहीन वीडियो से सामने आ रहे है। मरीज को लगाई गईं ग्लूकोज बोतल को हाँथो में पकड़े खड़े हुए बृद्ध व्यक्ति का ताजा वायरल वीडियो महिला वार्ड से वायरल हुआ है जो संवेदनाहीन स्वास्थ्यकर्मियों का चेहरा उजागर कर रहा है। वीडियो में साफ़ दिख रहा है कि भर्ती महिला को चढ़ रही ग्लूकोज़ बोतल के लिए अस्पताल के पास बॉटल स्टैंड तक मौजूद नहीं है। मजबूरी में महिला के साथ आया वृद्ध व्यक्ति खुद अपने हाथों में बोतल पकड़े खड़ा है।



जिला अस्पताल में महिला वार्ड में सबसे अधिक संवेदनशील और गंभीर मरीज भर्ती होते हैं लेकिन वहां न तो बॉटल स्टैंड की पर्याप्त व्यवस्था दिखी, न वैकल्पिक इंतज़ाम, न स्टाफ की ज़िम्मेदारी का अहसास हुआ। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि अगर महिला वार्ड की यह हालत है, तो बाकी अस्पताल की स्थिति क्या होगी? करीब 9 महीने पहले भी इसी जिला अस्पताल से ऐसा ही वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक मासूम बच्चा अपने बीमार पिता की बोतल पकड़े खड़ा था। तब भी स्वास्थ्य विभाग ने जांच के नाम पर औपचारिकता निभाई, लेकिन नतीजा-आज एक और ब्यक्ति मानव स्टैंड बना नजर आ रहा है। यह साफ़ संदेश है कि यह लापरवाही नहीं, सिस्टम की आदत बन चुकी संवेदनहीनता है। जिला अस्पताल में आने वाला मरीज पहले से दर्द में होता है, लेकिन यहां उसे इलाज से पहले अपमान और बेइज़्ज़ती झेलनी पड़ रही है। परिजन अब नर्स, वार्ड बॉय और उपकरण- सब कुछ खुद ही बनने को मजबूर हैं। आमजनों ने उक्त परिस्थिति को देखकर सवाल पूंछा है कि क्या यही है सरकार की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत?

#### हर साल उपकरण खरीदी, अस्पताल उन्नयन, मरीज सुविधा के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपए स्वीकृत होते हैं

तो सवाल सीधा है- जब बॉटल स्टैंड तक नसीब नहीं, तो पैसा गया कहां? अब सवाल सीधे-सीधे हैं कि अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों की ज़िम्मेदारी तय होगी या नहीं? सिविल सर्जन के निर्देश बेअसर क्यों है? हर बार की तरह इस बार भी चर्चा है कि उक्त मामले में जांच होगी, रिपोर्ट बनेगी, बयान जारी होंगे लेकिन पूर्व की भांति छोटे कर्मचारी पर कार्यवाही कर कुछ दिनों बाद सब ठंडे बस्ते में तब तक डाल दिया जाएगा, जब तक अगला वीडियो वायरल न हो जाए। यह वायरल वीडियो सिर्फ़ एक महिला की मजबूरी नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र के संवेदनहीन हो चुके व्यवहार की पहचान है।

### एक महिला व युवक घायल

## बाइकों की खतरनाक भिड़ंत में युवक ने गंवाई जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़ागांव

थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। उक्त हादसे में एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरी बाइक पर सवार एक महिला और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार शाम की है। बड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमरपुर के पास उक्त हादसा हुआ। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान दमोह जिले के नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र के पिपरिया चंपत गांव निवासी बलदाऊ रैकवार उम्र 22 वर्ष के रूप में हुई है। बलदाऊ अपने दोस्त के घर उत्तर प्रदेश के बानपुर आया हुआ था और ज़ब वह गुरुवार दोपहर अपने घर लौट रहा था। तभी यह हादसा टीकमगढ़-बड़ागांव रोड पर अमरपुर गांव के पास स्थित गोल ढाबा के नजदीक हुआ। एक बाइक पर बलदाऊ अकेला सवार था, जबकि दूसरी बाइक पर एक महिला और एक युवक सबार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बलदाऊ की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### वेतन न मिलने से नाराज होकर प्रदर्शन कर सीएमएचओ को नहीं सौंपा था ज्ञापन

## स्वयं को ठगा महसूस कर रही आशा कार्यकर्ताओ से मिले कलेक्टर श्रोत्रिय





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

बिगत 6 माह से अधिक समय से वेतन न मिलने और विभागीय अधिकारियो की प्रताड़ना व धमकियों से परेशान आशा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। और ज़ब विभागीय अधिकारी सीएमएचओ ओपी अनुरागी ज्ञापन लेने पहुंचे तो आशा कार्यकर्ताओ ने ज्ञापन देने से मना करते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से ही मिलने की मांग की। तब परेशान व पीड़ति आशा कार्यकर्ताओ की भावनाओं का सम्मान करते हुए कलेक्टर श्रोत्रिय मौके पर पहुंचे और उनकी समस्याओ को गंभीरता से सुनकर ज्ञापन लिया। ज्ञापन में आशा कार्यकर्ताओ ने जुलाई 2025 से मानदेय और प्रोत्साहन राशि का भुगतान न होने का आरोप लगाया है।

इसके पूर्व प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल चौराहा से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। प्रदर्शन के दौरान सीएमएचओ डॉ. ओपी अनुरागी आशा कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे। लेकिन कार्यकर्ताओं ने उन्हें ज्ञापन देने से इनकार कर दिया और कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ी रहीं। तब महिलाओं की मांग पर कलेक्टर विवेक श्रोतिय मौके पर पहुंचे। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। कलेक्टर श्रोत्रिय को सौंपे गए ज्ञापन में आशा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि बल्देवगढ़ विकासखंड में उन्हें जुलाई 2025 से मानदेय और प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। संघ की जिलाध्यक्ष आशा राय ने कहा कि इस अवधि में केवल दो बार अल्प राशि टुकड़ों में प्रदान की गई है, जिससे उन्हें आर्थिक संकट घेरे हुए है। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस संबंध में 6 जनवरी को खंड चिकित्सा अधिकारी बल्देवगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन उस पर कोई विचार नहीं किया गया। उनका आरोप है कि विभागीय अधिकारी उन्हें हटाने की धमकियां दे रहे हैं, जबकि वे अपने कार्य पूरी निष्ठा से कर रही हैं। कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि वे हर माह अपने कार्यों का वाउचर भरकर देती हैं, लेकिन उन्हें वाउचर के अनुरूप बहुत कम राशि मिलती है। पूरा भुगतान मांगने पर अधिकारी उन्हें सेवा से पृथक करने की धमकी देते हैं।

आशा कार्यकर्ताओं की प्रमुख मांगों में जुलाई 2025 से लंबित मानदेय और प्रोत्साहन राशि का एकमुश्त भुगतान, आशा वाउचर में हर माह कटौती बंद करना, प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख तक भुगतान सुनिश्चित करना, दोषी अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई और अमानवीय व्यवहार करने वाली स्टाफ नर्सों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाना शामिल है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बिना जांच और कारण के प्रसूता को रेफर न करने और संस्था में आशाओं के रात्रि में ठहरने की उत्तम व्यवस्था करने की मांग की। मांगे पूरी न होने की स्थिति में आशा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि 15 दिनों में मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर देंगी।




## नाबालिग दुष्कर्म मामले में पलेरा पुलिस की सख्त व त्वरित कार्रवाई

पलेरा। जिले के थाना पलेरा क्षेत्र में नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म जैसे अत्यंत गंभीर और संवेदनशील अपराध के मामले में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई के निर्देशन में पलेरा पुलिस ने तेज़, सुनियोजित और विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ़्तार कर लिया है। आरोपी एक शासकीय शिक्षक बताया गया है, जो वर्तमान में पलेरा क्षेत्र में निवासरत था। उक्त आरोपी को शीघ्रता से पकड़ने के लिये जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के नेतृत्व में पुलिस की चार टीमें बनाई गईं थी। जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी को त्वरित रूप से पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 28 जनवरी को पीड़िता के परिजनों द्वारा थाना पलेरा में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा तत्काल मामला दर्ज किया गया और बिना किसी देरी के विवेचना प्रारंभ की गई। एसपी मंडलोई द्वारा चार विशेष पुलिस टीमें बनाकर हर संभावित ठिकाने पर दबिश दी गईं। मामले की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में चार विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। इन टीमों द्वारा आरोपी के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई, जिसके परिणामस्वरूप आरोपी को शीघ्रतापूर्वक गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा पीड़िता एवं उसके परिजनों की सुरक्षा, संरक्षण और गोपनीयता को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। इसके साथ ही उक्त मामले की निष्पक्ष, गहन एवं कानूनसम्मत जांच जारी है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन की ओर से बयान जारी करते हुए कहा गया कि नाबालिगों से जुड़े अपराधों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आरोपी चाहे किसी भी पद या सेवा में क्यों न हो, वह कानून से ऊपर नहीं है। पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रकरण की विवेचना निष्पक्ष, त्वरित और ठोस साक्ष्यों के आधार पर की जाए तथा दोषी को कड़ी से कड़ी सज़ा दिलाई जाए। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म एवं पॉस्को एक्ट सहित संबंधित आपराधिक धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जा रही है। साक्ष्य संकलन, चिकित्सकीय परीक्षण एवं अन्य कानूनी प्रक्रियाएँ पूर्ण तत्परता के साथ की जा रही हैं। उक्त कार्रवाई से पुलिस ने ये संदेश दिया है कि नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों पर प्रशासन और पुलिस की नीति शून्य सहनशीलता की है, और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

### 3 करोड़ की लागत से बनने वाले मंदिर का हुआ भूमिपूजन

## हनुमानगढ़ी अयोध्या की तर्ज पर होगा धजरई मंदिर का भव्य नवनिर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के प्रशिद्ध और आस्था के प्रमुख केंद्र धजरई हनुमान मंदिर का भव्य नवनिर्माण किया जाएगा। लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस नए मंदिर का भूमि पूजन गुरुवार को एकादशी के शुभ मुहूर्त पर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। भूमि पूजन का कार्यक्रम वृंदावन धाम स्थित धीर समीर आश्रम के महंत मदन मोहन दास महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संत-महात्मा, श्रद्धालु और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला।



निर्माण कार्य भूमि पूजन अवसर पर महंत मदन मोहन दास महाराज ने मंदिर निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की सहयोग राशि बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज को भेंट की। महंत सीताराम दास महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर निर्माण का लक्ष्य वर्ष 2028 तक पूर्ण करने का रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर न केवल धजरई बल्कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र की धार्मिक पहचान बनेगा और श्रद्धालुओं के लिए एक भव्य आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित होगा। महंत सीताराम दास महाराज ने बताया कि नवनिर्मित मंदिर में हनुमानगढ़ी, अयोध्या की तर्ज पर प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। गर्भगृह में श्री हनुमान जी महाराज की भव्य प्रतिमा के पीछे भगवान श्री राम, लक्ष्मण और माता जानकी की आशीर्वाद देती हुई प्रतिमाएं स्थापित होंगी। प्रस्तावित मंदिर का निर्माण पारंपरिक वास्तुशिल्प, धार्मिक मान्यताओं और आध्यात्मिक भावनाओं को ध्यान में रखकर किया जाएगा। मंदिर को तीन प्रमुख भागों में विकसित किया जाएगा। मंदिर के प्रवेश द्वार पर अर्ध मंडप का निर्माण किया जाएगा, जहां श्रद्धालु ध्यान, साधना और विश्राम कर सकेंगे। इसके आगे विशाल मुख्य मंडप होगा, जिसमें लगभग 200 श्रद्धालु एक साथ बैठकर सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन, सत्संग और अन्य धार्मिक अनुष्ठान कर सकेंगे। मुख्य मंडप के पश्चात गर्भगृह का निर्माण किया जाएगा। गर्भगृह के चारों ओर परिक्रमा पथ बनाया जाएगा, जहां भगवान शिव और माता दुर्गा की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी।

महंत सीताराम दास महाराज ने धजरई हनुमान मंदिर के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1970 के आसपास तपस्वी संत धूलिया महाराज धजरई तिगेला पहुंचे थे। उन्होंने घने जंगल और झाड़ियों के बीच तीन दिन तक निराहार रहकर हवन-पूजन किया और हवन की भस्म को जल में घोलकर उसका सेवन किया। ग्रामीणों के आग्रह पर धूलिया महाराज ने अन्न ग्रहण किया और वहीं विराजने की स्वीकृति दी। इसके बाद ग्रामीणों ने लगभग एक एकड़ भूमि की व्यवस्था की।

### महिलाओं ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

## मड़वारी से हटाई जाए देसी शराब व बीयर की दुकान



> दुकान के कारण गांव के लोग शराब के आदी हो रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राजघाट रोड स्थित ग्राम मड़वारी के मुख्य मार्ग पर स्थित बस स्टेण्ड पर देसी शराब और बीयर की दुकान खुली हुयी है। इस दुकान से यहां रहने वाली महिलाओं ने आपत्ति व्यक्त करते हुये दुकान को अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने की मांग उठायी है। कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन करती हुयी महिलाओं ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। बताया कि मड़वारी गांव के मैन रोड पर बस स्टेण्ड के सामने देशी शराब व बीयर की दुकान संचालित है। उक्त दुकान के कारण सम्पूर्ण गांव के लोग शराब के आदी हो रहे हैं। इसके चलते कई स्थानों पर गाली-गलौज के अलावा मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। वहीं महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा पर भी सवाल उठ रहा है। इतना ही नहीं मुख्य मार्ग पर शराब पीकर लोग नशे में झूमते नजर आते हैं, जिससे कई बार वाहनों से दुर्घटनाएं भी हो रहीं हैं। महिलाओं ने एकराय होकर शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय सरोज, जलेब, पार्वती, भारती, वन्दना, भागवती, ममता, अमरवती आदि रहे मौजूद।

### साइबर क्राइम से बचने पुलिस अधीक्षक ने जारी की महत्वपूर्ण एडवाइजरी

# सत्यापित संस्थाओं से ही साझा करें दस्तावेजी जानकारी संदेह होने पर बैंक या पुलिस को दें सूचनाः एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में साइबर अपराधों के शिकार होने से बचने के लिये समय समय पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा सुरक्षा एडवाईजरी जारी की जाती है। इसी प्रक्रिया के तहत पुलिस अधीक्षक मंडलोई की ओर से नागरिकों के लिए पुनः महत्वपूर्ण सुरक्षा एडवाइजरी की गईं। जिसमें कहा गया है कि नागरिक अपने बैंकिंग, पहचानपत्र, मोबाइल और डिजिटल दस्तावेज सुरक्षित रखें एवं साइबर धोखाधड़ी से अपना बचाव करें। धोखाधड़ी और साइबर अपराध से तुरंत बचाव के लिये जारी किये गये साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने की सलाह भी दी गईं। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले वासियों को साइबर अपराध से बचने को लेकर जागरूक करने के लिए साप्ताहिक एडवाइजरी जारी की जा रही है। चूंकि वर्तमान समय में साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं पहचान की चोरी की घटनाओं में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। जिससे नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिये एडवाइजरी जारी की जाती है जिसमें सावधानियों को विस्तृत रूप से समझाया गया है।

#### साइबर अपराध अथवा धोखाधड़ी होने पर उठाएं त्वरित कदम

यदि किसी नागरिक के साथ साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी या बैंकिंग फ्रॉड की घटना घटित होती है, तो बिना देरी किये साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। या साइबरक्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। साथ ही निकटतम पुलिस थाना या साइबर सेल में सूचना दें। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने अपील करते हुए कहा कि नागरिक सतर्क एवं जागरूक रहें, तथा अपने परिवारजनों और परिचितों को भी उक्त सावधानियों के संबंध में अवगत कराएँ। नागरिकों की सतर्कता एवं सहयोग से ही साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।



#### सुरक्षित रखे जाने वाले महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं जानकारिया

एसपी मंडलोई ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि दस्तावेज एवं व्यक्तिगत व डिजिटल जानकारियां अत्यंत संवेदनशील होती हैं और इन्हें विशेष सावधानीपूर्वक सुरक्षित रखना आवश्यक होता है। इन जानकारियों में बैंकिंग एवं वित्तीय दस्तावेज, बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड, चेक बुक, एटीएम, डेबिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड, कार्ड से संबंधित पिन नंबर, सीवीवी नंबर एवं वैधता तिथि, इंटरनेट बैंकिंग एवं मोबाइल बैंकिंग यूज़र आईडी एवं पासवर्ड, यूपीआई आईडी, यूपीआई पिन एवं डिजिटल वॉलेट विवरण आदि शामिल है।

#### साइबर क्राइम से बचने के लिये अपनाये सुरक्षा उपाय

एसपी मंडलोई ने नागरिको से कहा कि उपरोक्त दस्तावेजों एवं जानकारियों को केवल अधिकृत एवं सत्यापित संस्थाओं के साथ ही साझा करें। किसी भी संदेह की स्थिति में तुरंत संबंधित बैंक अथवा पुलिस प्रशासन से संपर्क करें। किसी अज्ञात व्यक्ति, फोन कॉल, संदेश, ई-मेल अथवा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, ओटीपी, पिन अथवा पासवर्ड की जानकारी साझा न करें। बैंक, पुलिस, बीमा कंपनी या किसी शासकीय संस्था का अधिकारी बनकर की गई कॉल या लिंक पर बिना सत्यापन के विश्वास न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें तथा अनधिकृत वेबसाइट या मोबाइल एप्लीकेशन पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दर्ज करें।आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की फोटोकॉपी केवल अत्यंत आवश्यक होने पर ही प्रदान करें, और उस पर उद्देश्य एवं तिथि अंकित करें। मोबाइल, कंप्यूटर एवं अन्य डिजिटल उपकरणों में मजबूत पासवर्ड, पिन, बायोमेट्रिक सुरक्षा का उपयोग करें तथा समय-समय पर पासवर्ड बदलते रहें। सार्वजनिक स्थानों पर उपलब्ध वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करते समय ऑनलाइन बैंकिंग या डिजिटल भुगतान न करें। अनजान लोन ऐप, इनाम, केवाईसी अपडेट या खाता बंद होने संबंधी संदेशों से सावधान रहें। अपने बैंक खाते के लेन-देन का नियमित अवलोकन करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल संबंधित बैंक को सूचित करें।

## संकरी गली में पूरे दिन फंसा रहा भोपाल से परीक्षा सामग्री लेकर पहुंचा ट्रक

# परीक्षा सामग्री समन्वय केंद्र तक पहुंचाने में छूटे प्रशासन के पसीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका परिषद द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण मुक्त शहर अवधारणा की पोल गुरुवार को तब खुल गई जब माध्यमिक शिक्षा बोर्ड भोपाल से परीक्षा सामग्री लेकर पहुंचा एक ट्रक जिला समन्वय केंद्र (उत्कृष्ट स्कूल) तक पहुंचते पहुंचते रास्ते में हो रहे अतिक्रमण के कारण फंस गया। परीक्षा जैसी महत्वपूर्ण ओर गोपनीय सामग्री के साथ संकरी गली में ट्रक के फंस जाने से प्रशासन की सांस ऊपर नीचे हो गई। सूचना मिलने पर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सीएमओ आरआर यादव को मौके पर पहुंचकर ट्रक को परीक्षा समन्वय केंद्र पर पहुंचाने के दिए गए निर्देश के बाद नपा अमले ने जेसीबी के माध्यम से थड़ो छज्जों को तोड़ कर ट्रक को गंतव्य तक पहुंचाने का भरसक प्रयास किया इस दौरान छज्जों में लगी लोहे की गाटर को बेल्डिंग मशीन से काटना पड़ा लेकिन दिनभर चली इस कवायद के बाद भी उत्कृष्ट स्कूल में प्रवेश नहीं कर सका मजबूरी में ट्रक को कोतवाली पर लाकर खड़ा करना पड़ा।

फरवरी में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से भेजी गई परीक्षा सामग्री जिसे परीक्षा समन्वय केंद्र (उत्कृष्ट स्कूल) में पुलिस के पहरे में रखवाया जाना था। एक्सीलेंस स्कूल श्योपुर में उक्त सामग्री को पुलिस पहरे में रखने के लिए सभी तैयारी पहले से ही कर ली गई थी, इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद की अध्यक्षता में बैठक भी आयोजित हो चुकी थी, परीक्षा सामग्री को पुलिस पहरे के बीच जब ट्रक मेन मार्केट से एक्सीलेंस स्कूल तक पहुंचने के दौरान रास्ता संकरा होने से फंस गया। परीक्षा सामग्री लेकर पहुंचे ट्रक के फंस जाने की सूचना पहले समन्वय केंद्र प्रभारी एवं एक्सीलेंस स्कूल के प्रिंसिपल सीताराम आदिवासी ने डीईओ एमएल गर्ग को दी जिनके माध्यम से सूचना कलेक्टर तक पहुंची और कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर सक्रिय हुए नगर पालिका अमले ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को निकालने के लिए युद्ध स्तर पर अभियान शुरू कर दिया। जो थडे सड़क तक फैले हुए थे उन्हें जेसीबी से तोड़कर ट्रक को आगे बढ़ने का रास्ता दिया पर परेशानी यह आ गई कि आगे जाकर ट्रक छज्जों के बीच में फंस गया यहां पर छज्जों को भी जेसीबी से तोड़ा गया लेकिन लोहे की गाटर ट्रक के रास्ते में आ गई इन गाटरों को भी काटने का काम आनन फानन में वेल्डिंग मशीन लाकर किया गया। हालांकि इस प्रक्रिया को युद्ध स्तर पर चलाकर परीक्षा सामग्री लेकर आए ट्रक को नपा कर्मी नियत स्थान पर पहुंचाते दिखे लेकिन ट्रक वहां नहीं पहुंच सका जहां उसे पहुंचाना चाहते थे। इससे परीक्षा जैसी महत्वपूर्ण व गोपनीय सामग्री की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह भी लग गए। प्रश्न यह उठ रहा है कि जब सभी को याद है कि उत्कृष्ट स्कूल को परीक्षा समन्वय केंद्र बनाया गया है तो फिर परीक्षा सामग्री लाने ले जाने के लिए उक्त रास्ते से अतिक्रमण क्यों नहीं हटाया जाता, दुकानों को सड़कों तक छज्जे थड़े निकालने की परमिशन किसने दी अगर बिना परमिशन के इस तरह निर्माण हुआ है तो नगर पालिका ने उक्त निर्माण को हटाया क्यों नहीं?।






### इनका कहना...

जब मैं प्रिंसिपल था तब भोपाल से आने वाले बड़े वाहन को पुलिस लाइन (पटेल चौक के पास) में खड़ा करवाया जाता था वहां से छोटे वाहन के माध्यम से परीक्षा सामग्री स्कूल में पहुंचाई जाती थी बड़ा ट्रक इस गली में घुस ही नहीं सकता है। वैसे भी परीक्षा केंद्र को देखते हुए यहां चौड़ीकरण बेहद जरूरी है।

**जीएस आशावत**
पूर्व प्रिंसिपल, उत्कृष्ट स्कूल

पूरे प्रदेश में उत्कृष्ट स्कूल को ही परीक्षा समन्वय केंद्र बनाया जाता है इसलिए यहां भी बनाया गया है पर बाजार संकरा हो जाने के कारण अब यहां समन्वय केंद्र बनाना ठीक नहीं है। मैं इस संबंध में शासन को भी पत्र लिखकर दूसरे स्थान पर समन्वय केंद्र बनाने कि मांग करूंगा।

**एमएल गर्ग**
डीईओ, श्योपुर

जैसे ही मुझे पता चला की परीक्षा सामग्री लेकर पहुंचा ट्रक गली में फंस गया है तो मैंने अमले को भेज कर जेसीबी के माध्यम से थड़े छज्जे तुड़वाकर ट्रक को परीक्षा समन्वय केंद्र तक पहुंचाने का काम किया, साथ ही दुकानदारों को निर्देशित किया जा रहा है कि वह अपने थड़े और छज्जे जो स्थाई रूप से सड़क पर निकाल रखे हैं उन्हें तत्काल हटा लें। अन्यथा उन्हें तोड़कर जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।

**आरआर यादव**
सीएमओ, श्योपुर

## सैलानियों को आकर्षित करने पार्क के साथ ही योगा केंद्र भी बनेगा

# 50 हेक्टयर में बनेगा नगरवन 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे



### दो छोटे तालाब और एक वॉच टॉवर भी बनेगा

फॉरेस्ट विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि नगरवन में दो छोटे तालाब भी बनाये जायेगे, जिनके आसपास पेड़-पौधे और घास लगाई जायेगी, जहां सैलानी बैठकर प्रकृति का आनंद ले सकेगे। एक वॉच टावर भी बनाया जा रहा है, जिसके माध्यम से सैलानी दूर तक नगरवन का दृश्य देख सकेंगे, एक योगा प्लेटफार्म भी बनाया जा रहा है, जहां योग की क्रियाएं कर सकेंगे। नगरवन में विभिन्न प्रजातियों के पेडो पर क्यूआर कोड भी लगाया जायेगा, जिसे मोबाइल से स्कैन कर उस पेड के गुण-धर्म और अन्य जानकारियां प्राप्त की जा सकेगी। 50 हेक्टयर का यह नगरवन चारो ओर से कवर्ड रहेगा, इसके लिए बाउन्ड्रीवॉल बनाई जायेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वन विभाग द्वारा शहर के समीप ईको सेंटर पर 50 हेक्टयर से नगरवन बनाया जा रहा है, इसके कार्य की शुरूआत भी हो गई है तथा आकर्षक प्रवेश द्वार के साथ ही पार्क डवलपमेंट के लिए भूमि का समतलीकरण किया जा रहा है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में गुरूवार को अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने निर्माणाधीन नगरवन का निरीक्षण कर संचालित कार्यो का जायजा लिया। इस अवसर पर रेंज आफिसर राघवेन्द्र भदौरिया मौजूद रहें।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सामान्य वन मंडल अंतर्गत ग्रीन प्रोजेक्ट के क्रम में ईको सेंटर शिवपुरी रोड पर नगरवन विकसित किया जा रहा है। लगभग 50 हेक्टयर क्षेत्र में बनने वाले नगरवन में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 10 हजार से अधिक पौधे लगाये जायेगे, सैलानियों को आकर्षित करने के लिए नगरवन में चिल्ड्रन पार्क बनाया जायेगा और झूले भी लगाये जायेगे। इसके साथ ही 700 मीटर लम्बा पेबर ब्लॉकयुक्त फुटवॉक भी बनाया जायेगा, इसके अलावा प्राकृतिक कच्चा मार्ग भी घूमने के लिए तैयार किया जा रहा है।

## उत्सव की तरह मनाएं परीक्षा को परिणाम के लिए करें मेहनत: महाना



**श्योपुर।** परीक्षा का तनाव अपने ऊपर बिल्कुल हावी न होने दें। परीक्षा को उत्सव के रूप में मनाएं। बेहतर परिणाम लाने के लिए अतिरिक्त मेहनत की जरूरत है यही समय है जब आप मेहनत कर खुद को दूसरों से श्रेष्ठ साबित कर सकतीं हैं। यह बात नपा उपाध्यक्ष संजय महाना ने गुरुवार को कन्या उमावि में आयोजित हुए वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान छात्राओं को मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधित करते हुए कही। दोपहर 1बजे पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में वार्षिक उत्सव एवम पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए नपा उपाध्यक्ष संजय महाना ने छात्राओं को परीक्षा में अव्वल आने ओर बिना तनाव के पढ़ाई कैसे करे आदि टिप्स दिए। इस दौरान स्कूल की छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। जिसे उपस्थिति लोगों के द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डीईओ एमएल गर्ग, बीईओ मधु शर्मा, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य भरत सिंह जाट द्वारा किया गया।

## कराहल थाने का दीवान हुआ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**श्योपुर।** कराहल पुलिस थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक विजय जादौन संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हो गया है। टोल बैरियर के पास उसकी बाइक लावारिश हालत में खडी मिली है। वहीं उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। कराहल थाना पुलिस ने प्रधान आरक्षक की तलाश शुरू कर दी है। बताया गया है कि प्रधान आरक्षक विजय जादौन करीब छह माह से कराहल थाने में पदस्थ है। उसकी सांयकालीन गश्त में ड्यूटी लगी हुई है। बुधवार की शाम से उसका कोई अता पता नहीं है। परिजन भी प्रधान आरक्षक की तलाश कर रहे है,वहीं कराहल थाना पुलिस ने इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दिए जाने के बाद प्रधान आरक्षक की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल प्रधान आरक्षक का कोई अता पता नहीं है।

## रेन बसेरा पर लगा स्वास्थ्य शिविर में 40 ने उठाया लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नागरिकों को मौसमी जनित बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जगह-जगह लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों के क्रम में गुरुवार को एकीकृत बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा में भी स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर में आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ रेखा जैन की टीम ने कर निशुल्क दवाइयां वितरण की। शिविर में 40 रोगियों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया। शिविर में मरीजों के बीपी शुगर जांच भी की गई। सीएमओ आरआर यादव के निर्देश पर आयोजित हुए इस शिविर में यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा वितरण की गई वहीं उन्हें निरोगी रहने के बारे में टिप्स भी दिए गए। इस दौरान नगरपालिका कर्मचारी कर्मचारी नीरज निगम, इश्तियाक कुरेशी, अंकिश जैन तथा केयर टेकर प्रसन्न कुमार मौजूद रहे।

## कलारना में चोरी, दीवार फोड़कर चोर घर से समेट ले गए 50 हजार नकदी और जेवर

**श्योपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के कलारना गांव में बीती रात को एक मकान में चोरी की वारदात घटित हो गई है। इस दौरान चोर मकान की दीवार फोडकर 50 हजार रूपए नकदी और जेवर चोरी कर ले गए। कोतवाली पुलिस ने बताया कि कलारना निवासी राजेश सिकरवार पुत्र कोक सिंह सिकरवार और उसका परिवार के लोग बीती रात को जब दूसरी मंजिल पर बने कमरे में सो रहे थे,तभी नीचे के कमरे की दीवार फोडकर चोर कमरे के अंदर दाखिल हो गए और अलमारी में रखे 50 हजार रूपए नकदी और सोने चांदी के इस्तेमाली किए जेवर चोरी कर ले गए। जिसका पता राजेश सिकरवार को सुबह नींद खुलने पर चला। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## शिवपुरी रोड पर नाले में तैरता मिला नवजात बालिका का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के शिवपुरी रोड पर नए बायपास तिराहे के पहले बनी पुलिया के पास खुदे पडे नाले में गुरूवार की सुबह एक नवजात बालिका का शव पडा मिला है। यह नवजात बालिका को यहां किसने फेंका है,इसका फिलहाल कोई अता पता नहीं है,लेकिन नवजात बालिका के इस तरह मिलने से कई तरह की चर्चाओ का दौर शुरू हो गया है। कोई कह रहा है कि किसी बिन ब्याही मां ने अपना पाप छिपाने के लिए इसे यहां फेंक दिया है तो कोई यह भी कह रहा है कि बेटी होने के चलते इसे यहां इस तरह फेंका गया है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि चैनपुरा निवासी अजय बैरवा जो कि बीएसएनएल में प्रायवेट नौकरी करता है ने पुलिस को सूचना दी कि जब वह गुरूवार की सुबह शिवपुरी रोड की तरफ जा रहा था,तभी बायपास तिराहे के पहले पडने वाली पुलिया के पहले खुदे पडे बीएसएनएल के नाले में एक नवजात बालिका कंबल में लिपटी हुई पडी मिली।

पुलिस सूचना के बाद नवजात बालिका को उठाकर जिला अस्पताल लाई तो वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि उक्त नवजात बालिका एक दिन पहले ही पैदा हुई थी। जिसे किसी मां ने जन्म देने के बाद यहां फैंक दिया। कोतवाली थाना प्रभारी सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि मर्ग दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहली बार साफ की जा रही पानी की टंकिया

**श्योपुर ।** इन दिनों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नशेनी लगाकर केंद्र की छत पर चढते और टंकियां को साफ करवाते खूब देखा जा रहा है। दरअसल प्रदेश में चल रहे शुद्ध जल वितरण अभियान के तारतम्य में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने अन्य विभागों की तरह महिला बाल विकास विभाग को भी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पीने के पानी के लिए रखी टंकियों की साफ सफाई के निर्देश दिए हैं। डीपीओ महेंद्र अंब ने सभी परियोजनाओं के सीडीपीओ के माध्यम से कार्यकर्ताओं को अपने-अपने केंद्रों पर पीने के पानी के लिए रखी टंकियों कि साफ सफाई कराई जा रही है। इस क्रम में शहरी परियोजना अधिकारी नितिन मित्तल द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में शहर में बने आंगनबाड़ी भवनों के ऊपर रहेगी टंकियां की सफाई का काम भी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जिसके चलते गुरुवार को चतरदास जी का टीला के सामने वार्ड क्रमांक 22 एवं 23 के आंगनबाड़ी केंद्रों की टंकियां कार्यकर्ताओं ने मजदूरों के माध्यम से साफ करवाई वही गिर्राज घाट, भैंस पाड़ा, और किला बस्ती की आंगनबाड़ियों की टंकी भी कार्यकर्ताओं द्वारा साफ की गई। इंदौर मैं दूषित पानी पीने से फैले संक्रमण के समाचार प्रकाशित होने के बाद राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में अलर्ट घोषित कर दिया है। इस क्रम में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने शहर सहित जिले के सभी पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता की जांच करा ली है। नगर पालिका को नालियों में लगे नल कनेक्शन और पाइप लाइनों को बाहर निकालने के निर्देश दिए गए हैं जिस क्रम में यह यह अभियान युद्ध स्तर पर चल रहा है। स्कूल, आंगनबाड़ियों, छात्रावास, आश्रम आदि की संस्थानों पीने का पानी शुद्ध मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में महिला बाल विकास विभाग ने भी अपने केंद्रों पर रखी टंकियों की साफ सफाई करने के निर्देश कार्यकर्ताओं को दिए हैं पर कार्यकर्ताओं को परेशानी यह आ रही है कि ठेकेदार ने भवन बनाकर टंकी तो रख दी है लेकिन छत पर चढ़ने के लिए कोई साधन नहीं किया है। जिससे कार्यकर्ताओं को छत पर चढ़ने और सफाई करने में परेशानी आ रही है।



## तोमर आज श्योपुर में



**श्योपुर।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर 30 जनवरी को श्योपुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर सडक मार्ग से 30 जनवरी को सुबह 11 बजे कराहल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचेगे एवं रेडक्रॉस अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे भाजपा कार्यालय के नवीन बैठक हॉल का लोकार्पण करेंगे तथा अपरान्ह 2 बजे श्योपुर-पाली रोड पर रायपुरा में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से मेडिकल कॉलेज रोड का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही पीएम जनमन अंतर्गत निर्मित मल्टी परपज सेंटर तथा महाराणा प्रताप चौराहा चुंगीनाका से गुप्तेश्वर होकर आवदा-अजापुरा रोड से कनेक्टेट मार्ग स्थित सीप नदी पुल पर बने पुल का लोकार्पण भी करेंगे। इसके उपरांत माननीय विधानसभा अध्यक्ष सांय 4 बजे उतनवाड में आयोजित निजी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

## उजागर हुआ सरकार की कथनी और करनी में अंतर

# रामेश्वर का विकास करने राजस्थान सरकार ने दिए 12.68 करोड़, मप्र सरकार तीर्थ स्थल बनाने की घोषणा कर भूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भाजपा सरकार के मंत्री और नेता भलेही सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर न होने के खूब दावे करें,मगर भाजपा सरकार की कथनी और करनी में कितना अंतर होता है,इसकी बानगी मध्यप्रदेश और राजस्थान की सीमा में मौजूद धार्मिक स्थल त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम है। दरअसल दोनों प्रदेशो मध्यप्रदेश और राजस्थान में इस समय भाजपा की ही सरकार है।

राजस्थान की भाजपा सरकार ने त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम को राजस्थान की सीमा में विकास करने के लिए 19 जनवरी 2026 को 12 करोड 68 लाख 97 हजार रूपए की राशि मंजूर कर दी है। वहीं मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार मध्यप्रदेश के हिस्से में रामेश्वर धाम को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा करके भूल गई है। ऐसी स्थिति में वर्ष 2023 में भाजपा सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा रामेश्वर धाम को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा न सिर्फ थोथी साबित होकर रह गई है,बल्कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में अंतर भी उजागर हुआ है।

कथनी और करनी में अंतर होने की वजह से ही रामेश्वर धाम के मप्र के हिस्से में अभी तक विकास के नाम पर स्थिति शून्य बनी हुई है। उधर राजस्थान सीमा में रामेश्वर धाम का नजारा काफी सुंदर बना दिया गया है और अब 12 करोड 68 लाख 97 हजार रूपए की राशि खर्च होने के बाद यहां का नजारा काफी अदुभुत हो जाएगा, जो मप्र के लोगो को भी अपनी ओर आकृर्षित करेगा। बता दें कि मध्यप्रदेश और राजस्थान की सीमा में मौजूद रामेश्वर धाम इसलिए महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है,क्योंकि यहां न सिर्फ तीन नदियों चंबल,बनास और सीप नदी का संगम हुआ है,बल्कि यहां भगवान श्रीराम का माता सीता से मिलन भी हुआ है। इसके अलावा यहां भगवान परशुराम ने भी यहीं तपस्या करके मातृहत्या के पाप का प्रायश्चित किया था। इतना ही नहीं, हर साल कार्तिक मास की पूर्णिमा पर रामेश्वर धाम के दोनों किनारों पर विशाल धार्मिक मेला भी आयोजित होता है। इस धार्मिक मेले में मध्यप्रदेश और राजस्थान के लोग बडी तादात में शामिल होते हैं।



### फाइलों में ही घूम रहा धनुषाकार का स्नानघाट

विशेष बात यह है कि प्रशासन स्तर पर पिछले साल रामेश्वर घाट पर धनुषाकार का स्नानघाट बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार करवाया गया था। बता दें कि यह प्रस्ताव अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने सक्रियता दिखाते हुए तैयार करवाया था। लेकिन अभी तक यह प्रस्ताव फाइलों ही घूम रहा है। प्रशासनिक सूत्रों की माने तो यह प्रस्ताव शासन के पास मंजूरी के लिए जाने के बजाए फिलहाल जिला मुख्यालय पर ही अटका हुआ है।

### तोमर के आग्रह पर सीएम ने की थी घोषणा

बताना होगा कि वर्ष 2023 के सितंबर माह में श्योपुर जिला मुख्यालय पर भाजपा की एकजनसभा आयोजित हुई थी। जिसमें केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह,केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मप्र के तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान को भी शामिल होना था। लेकिन बारिश के कारण इनका हेलीकॉप्टर श्योपुर नहीं पहुंच सका था,इसलिए इन नेताओं ने ग्वालियर से ही श्योपुर की जनसभा को वर्चुअली ही संबोधित किया था। वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, उस समय के केन्द्रीय कृषि मंत्री थे, उस कार्यक्रम में नरेन्द्र सिंह तोमर की मांग पर ही तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने रामेश्वर धाम को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा की थी। लेकिन तीन साल का समय बीत जाने के बाद भी यह घोषणा फिलहाल घोषणा ही बनी हुई है और रामेश्वर धाम पर विकास के नाम फिलहाल कुछ भी नहीं हुआ है।

### इनका कहना...

रामेश्वर धाम का विकास मप्र के क्षेत्र में भी होना चाहिए। श्योपुर जिले के प्रवास पर आ रहे विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के समक्ष इस मामले को रखेंगे और उनसे आग्रह करेंगे कि रामेश्वर धाम का समुचित विकास करते हुए उसे पर्यटनस्थल के रूप में विकसित किया जाए।

**संजय मंगल**
**नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा**

भाजपा सरकार झूठी ही घोषणाए करती है। रामेश्वर धाम को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा हो या फिर कराहल और वीरपुर ग्राम पंचायत को नगर परिषद बनाए जाने की घोषणा हो, अभी तक ये घोषणाएं झूठी ही बनी हुई है। लेकिन अब जनता भाजपा सरकार को अच्छे से जान चुकी है, जिसका हिसाब 2028 के चुनाव में चुकता कर देगी।

**रामलखन हिरनीखेडा**
**कांग्रेस नेता श्योपुर**

# ट्रैफिक पुलिस ने स्कूली बच्चों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सडक सुरक्षा माह के तहत एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत ट्रैफिक थाना पुलिस गुरूवार को दो स्कूलों शासकीय हाईस्कूल रायपुरा और एमजी बाल विद्या निकेतन में पहुंची। जहां ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने स्कूली बच्चों की क्लास लेते हुए उन्हें यातायात नियमों का पाठ पढाया। उन्होंने स्कूली बच्चों को समझाया कि सडक पर सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों का ज्ञान होना और फिर उनका पालन करना जरूरी है,इसलिए सडक पर पैदल चलने के दौरान भी यातायात नियमों का पालन करें। इस दौरान दोनों स्कूलों में रोड सेफ्टी चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें दोनों स्कूलों के करीब 300 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। चित्रकला प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने ट्रैफिक सिग्नल,स्टॉप लाइन, ज़ेबरा क्रॉसिंग तथा विभिन्न प्रकार के रोड साइन, यातायात जागरूकता स्लोगन आदि की आकृतियां बनाई गई।




### प्रत्येक स्कूल से तीन बच्चों को पुरस्कार देगी ट्रैफिक पुलिस

यातायात जागरूकता अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति समझ विकसित करने के लिए शहर समेत आसपास के करीब दर्जनभर स्कूलों में रोड सेफ्टी चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करेगी। ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि जिन स्कूलों में यह प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी,उन सभी स्कूलों के तीन तीन विद्यार्थियों को प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को कारावास

**अशोकनगर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुंगावली जिला अशोकनगर द्वारा निर्णय पारित करते हुये आरोपी इलियास खांन पुत्र जलील खांन निवासी अजीज कॉलोनी मुंगावली जिला अशोकनगर को छेड़ छाड़ के प्रकरण में दोषी पाते हुये 01 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 1500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से सहायक निदेशक अभियोजन/जिला अभियोजन अधिकारी जिला अशोकनगर के निर्देशन में प्रभावी अभियोजन संचालन एडीपीओ मुंगावली नम्रता शर्मा द्वारा किया गया। अभियोजन कहानी के अनुसार घटना दिनांक को रात करीब 10:00 बजे की बात है कि पीडिता का पति बाजार गया था, उसकी सास अलग कमरे में सो रही थी एवं वह अलग कमरे में अकेली थी उसी समय आरोपी इलियास खांन उसके घर में घुस आया और बुरी नियत से पीडिता का हाथ पकड लिया। उसके चिल्लाने पर उसकी आवाज सुनकर उसकी सास व पति आ गये थे तब आरोपी भागने लगा तो उसके पति ने आरोपी को पकडना चाहा तो आरोपी ने वहीं पडा डण्डा उठाकर उसके पति की मारपीट की जिससे उसे जगह-जगह चोटें आईं। उक्त घटना के लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस थाना मुंगावली में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत आरोपी को प्रकरण में दोषी पाते हुये उसके विरूद्ध दोषसिद्धि का निर्णय पारित किया गया।

### कुएं के पानी में डूबने से मौत, मर्ग कायम

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम खोक्सी निवासी माधौसिंह पुत्र बादाम सिंह यादव उम्र 38 वर्ष की कुए के पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम लालपुर निवासी सुरेखा पुत्री राजेश कुशवाह उम्र 19 साल ने अपने ही घर के कमरे में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### धार्मिक भावनाएं भड़काने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत महात्मा बाड़ा रोड निवासी बबलू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आजाद मोहल्ला अशोकनगर निवासी राशिद खान पुत्र नसीर खान ने वायरल वीडियों में दुंभावना पूर्वक गाय को लात घूंसों से निर्ममता से मारा जिस पर से यह मामला दर्ज किया गया है।

### कई मोबाइल नंबरों से 1 लाख 41 हजार निकाले

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत गुरूकृपा होटल के पीछे निवासी शेलेन्द्र शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपियों ने कईं मोबाइल नंबरों से फोन करके बात की और बाद में 1 लाख 41 हजार रूपए हड़प लिए, जिस पर से मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाटकापुरा निवासी दिनेश साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनिल, राजेश, राजेन्द्र, रामकुमारी प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजकुमार प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिनेश और नैन्सी साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ निवासी राजेश बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामबाबू और सुनीता बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तारई निवासी कुंवरबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भैंरोसिंह बागड़ी और 4 अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

---

### अर्चित की तूफानी बल्लेबाजी, 25 गेंदों में 78 रन, खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# बीना पावर कप पर ट्रांसफॉर्मर किंग्स का कब्जा, जीती ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ग्राम धनौरा स्थित 400 केवी एमपीपीटीसीएल मैदान पर चल रहे पावर कप 2.0 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 400 केवी ट्रांसफॉर्मर किंग्स एवं मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वॉट वॉरियर्स के बीच खेला गया। जिसमें ट्रांसफार्मर किंग्स विजेता रही। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी मध्य प्रदेश वॉट वॉरियर्स निर्धारित 15 ओवर भी नहीं खेल सकी और 13.4 ओवर में ही टीम 115 रन बनाकर सिमट गई। जवाब में उतरी ट्रांसफॉर्मर किंग्स ने मात्र तीन विकेट खोकर 6.3 ओवर में ही यह मैच जीत लिया और इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में ट्रांसफॉर्मर किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। वहीँ विजेता-उपविजेता रही टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

अर्चित ने खेली तूफानी पारी- फाइनल मुकाबले में अर्चित श्रीवास्तव ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 25 गेंदों में 78 रन बनाएं। उन्होंने 10 गगनचुंबी छक्के और 3 शानदार चौके जड़े। उनकी तूफानी बल्लेबाजी ने मैच का रुख कुछ ही ओवरों में पूरी तरह बदल दिया, जिस कारण एक तरफ जीत हुई। तूफानी बल्लेबाजी करने पर




अर्चित श्रीवास्तव को मैन ऑफ द मैच एवं दीपक दुबे मैन ऑफ़ द सीरीज रहे। जिन्हें अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

**महिला क्रिकेट में ईशा श्रीवास्तव बनीं मैन ऑफ द सीरिज-** बीना पावर कप 2.0 के अंतर्गत पुरुष वर्ग के साथ-साथ महिला क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हुई। महिला वर्ग में 400 केवी बीना एवं पावर ग्रिड बीना के बीच कुल 3 मुकाबले खेले गए। इन तीनों ही मैचों में 400 केवी बीना महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज की और प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम रखा। इस शानदार जीत की सबसे बड़ी वजह टीम की कप्तान ईशा श्रीवास्तव रहीं, जिन्होंने नेतृत्व करते हुए अपनी टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विजय दिलाई। ईशा ने कप्तान के रूप में न केवल रणनीतिक कुशलता दिखाई, बल्कि मैदान पर भी उनका योगदान अत्यंत प्रभावशाली रहा। उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के साथ-साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज का प्रतिष्ठित पुरस्कार भी प्रदान किया गया। महिला वर्ग के इन मुकाबलों ने बीना पावर कप को और भी गौरवपूर्ण बनाया तथा महिला खिलाड़ियों के उत्साह और प्रतिभा को नई पहचान दिलाई।

गौरतलब है कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बीना पावर कप का भव्य आयोजन 400 केवी ग्रिड में किया गया, जिसमें 400 केवी बीना, पावर ग्रिड बीना, 220 केवी बीना तथा मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, बीना की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे जनवरी माह में चले इस टूर्नामेंट ने खेल प्रेमियों को रोमांचित रखा और गणतंत्र दिवस पर इसका यादगार समापन हुआ। पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह- मैच के समापन के बाद विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई। कप्तान रमेश कुमार पटेल ने टीम की एकता और अर्चित श्रीवास्तव की ऐतिहासिक बल्लेबाजी की जमकर सराहना की। वहीं वॉट वॉरियर्स के कप्तान बीएस तोमर ने हार स्वीकार करते हुए खेल भावना का परिचय दिया और अगले सीजन में मजबूत वापसी का वादा किया। टेनिस बॉल क्रिकेट के इस महाकुंभ ने स्थानीय खेल प्रेमियों को पूरे महीने रोमांचित रखा और गणतंत्र दिवस पर एक गौरवशाली समापन के साथ विदा ली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियंता परीक्षण 400 केवी बीना शेखर फटाले, सीईओ एनएचपीटीएल आरके अरोड़ा, एचओएफ एनएचपीटीएल सेठी साहब एवं अन्य गणमान्य अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

---

### नरवाई नहीं जलाने की दी सलाह

## कृषि रथ के अंतर्गत महत्वपूर्ण संगोष्ठी का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ग्राम पंचायत रामपुर हींगटी में कृषि रथ के अंतर्गत किसानों की एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वर्ष 2026 किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत किसानों को कृषि से जुड़ी आवश्यक एवं उपयोगी जानकारियां प्रदान की जा रही हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रामपुर के सरपंच कपिल ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं सागर जिला पंचायत से रितेश जैन एवं कमलेश प्रजापति ने विशेष ग्राम सभा के माध्यम से किसानों एवं ग्रामवासियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कृषि सुधार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय ने ‌धरती मां बचाओ अभियान‌ के अंतर्गत किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग की सलाह दी तथा अधिक मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने पर जोर देते हुए जीवामृत, नीमास्त्र आदि के सही उपयोग की विधि भी समझाई। पराली प्रबंधन के अंतर्गत किसानों को नरवाई न जलाने की सलाह दी गई। जिससे वायु प्रदूषण कम होता है तथा खेतों की मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है। इसके साथ ही मोर ड्रॉप पर ड्रॉप जल संरक्षण को बढ़ावा देते हुए स्प्रिंकलर प्रणाली द्वारा सिंचाई करने हेतु किसानों को प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किसान ई-टोकन का उपयोग कर रासायनिक उर्वरकों को निजी एवं विक्रय केंद्रों से बिना लाइन में लगे आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर कृषि विभाग एवं पंचायत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं किसान भाईयों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

---

## खोरीवरी मंडल केन्द्र पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया



**पिपरई।** सकल हिंदु समाज के तत्वावधान में बुधवार को खोरीवरी मंडल केन्द्र पर भव्य हिंदु सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मंडल केंद्र से जुड़े आसपास के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में मातृशक्ति, बहनें, युवा एवं नागरिकों ने सहभागिता की। गांव में भगवा ध्वजों से सजे मार्गों और जयघोष के बीच सम्मेलन स्थल पर उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ किया गया। इस अवसर पर मंच पर महंत जयरामदास महाराज अखण्ड आश्रम मैनखेडा, संयोजक तुलाराम यादव,मातृ शक्ति गायत्री बाई विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुना विभाग के विभाग घोष प्रमुख हेमन्तकुमार पाठक ने भारत के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश मैं घटित घटनाओं पर विस्तार से बताया, उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के उद्देश्य बताते हुए कहा कि संघ समाज में एकता, अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रभक्ति को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहा है। पंच परिवर्तन” विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों में विशेष उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली। कार्यक्रम स्थल पर अनुशासन और व्यवस्था बनी रही। नरेन्द्र राठौर ने सम्मेलन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन ने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने का संदेश दिया।

---



## ग्रामोदय से अभ्युदय सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बीना।** ग्रामोदय से अभ्युदय सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत लहटवास स्कूल प्रांगण में निरंजन सिंह ठाकुर सरपंच प्रतिनिधि के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में गांव के वयोवृद्ध जिन्होंने ग्राम और समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य किए ऐसी प्रतिभाओं का पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट कर सरपंच प्रतिनिधि सम्मानित किया। साथ ही स्कूल के मेधावी बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक नीरज शर्मा ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के बारे में बताया और नवांकुर संस्था अंजनी रत्न सेवा समिति से देवेंद्र राय ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में नशामुक्ति के लिए आवाह्न किया एवं शपथ दिलाई कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष वीरसिंह ठाकुर, नीरज पांडेय,लक्ष्मण सिंह, हनुमत सिंह, रामदयाल सिंह कंछेदी सहित ग्रामीण सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का आभार समिति अध्यक्ष ने किया।

---

### गर्ल्स कॉलेज में तीस दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन

## विद्यार्थियों की शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिएः प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित तीस दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का गुरूवार को गरिमामय समापन हुआ। एक माह तक चले इस व्यापक प्रशिक्षण के माध्यम से कॉलेज की छात्राओं ने ब्यूटी इंडस्ट्री की बारीकियों को सीखा और स्वरोजगार की दिशा में अपने कदम बढ़ाए। इस एक माह के प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को दो अनुभवी प्रशिक्षिकाओं का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। ब्यूटी पार्लर संचालक रानी जैन और ब्यूटी पार्लर संचालक प्रीति माली ने छात्राओं को प्रोफेशनल ब्यूटीशियन के गुण सिखाए। प्रशिक्षिकाओं ने थ्रेडिंग, फेशियल, स्किन केयर से लेकर आधुनिक हेयर स्टाइलिंग और एडवांस ब्राइडल मेकअप का व्यावहारिक अभ्यास कराया। दोनों विशेषज्ञों ने छात्राओं को बाजार की मांग के अनुसार उत्पादों के चयन और




ग्राहकों से संवाद करने के तरीके भी बताए।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें कौशल का समावेश होना अनिवार्य है। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. रश्मि जैन ने कहा कि इस प्रशिक्षण की सबसे बड़ी उपलब्धि छात्राओं का बढ़ा हुआ आत्मविश्वास है। उन्होंने कहा कि बेसिक से एडवांस स्तर तक के इस कोर्स को इस तरह डिजाइन किया गया था कि छात्राएं हर तकनीक में दक्ष हो सकें। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए। छात्रा निकिता कुर्मी ने कहा कि यह एक माह मेरे लिए बदलाव भरा रहा, जहां मैंने न केवल मेकअप की तकनीक सीखी बल्कि यह भी समझा कि एक प्रोफेशनल का नजरिया क्या होना चाहिए। मुझे अब विश्वास है कि मैं घर से ही अपना छोटा काम शुरू कर सकती हूं और अपनी पढ़ाई का खर्च खुद उठाने में सक्षम बनूंगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं आयुषी सेन, मेघा अहिरवार, नैन्सी कुर्मी, कीर्ति प्रजापति, शिवानी राजपूत, निकिता कुर्मी, शिवानी राजपूत, साक्षी तिवारी, एवं महिमा तिवारी एवं महिमा तिवारी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

---

### चंदेरी जौहर के 499वें वर्ष पर विशेष, चंदेरी में जौहर का स्मारक इतिहास का है प्रतीक

# चंद्रगिरि की शौर्य गाथा के प्रतीक थे मेदिनीराय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

इतिहास में चन्देरी में हुए जौहर में रानी मणिमाला के साथ अनेक महिलाओं ने अपने सतीत्व की रक्षा करने के लिए 29 जनवरी 1528 को अपने आपको अग्नि के हवाले कर दिया था। चन्देरी के शासक मेदिनीराय और बाबर के बीच हुए इस युद्ध में जब मेदिनीराय वीरगति को प्राप्त हुए उसके बाद यह जौहर हुआ था। आज भी चन्देरी में जौहर का स्मारक इतिहास का प्रतीक बना हुआ है। चन्देरी के इतिहासविद और शोधकर्ता डॉ. अविनाश सराफ ने बताया कि राजा मेदिनीराय ने अपने सभी शूरवीरों से अंतिम युद्ध के लिए आह्वान किया। अपनी मातृभूमि की रक्षार्थ सभी ने केसरिया वाना धारणकर हर-हर महादेव के जय घोष के साथ अंतिम युद्ध लड़ने को तैयार हुए। वहीं महारानी मणिमाला ने जौहर की तैयारी हेतु आदेश दिया। महाराज मेदिनीराय महारानी से अंतिम विदाई लेने के लिए प्रस्तुत हुए। बाबर की सेना नगर में प्रवेश कर चुकी थी, वह कीर्तिदुर्ग के प्रथम द्वार (वर्तमान खूनी दरवाजा) पर तैयार थी। तलवारों की खन-खनाहट और बाबर की तोपों की गर्जन के बीच रक्त की धाराएं प्रवाहित होने लगी और शवों के ढेर लग गए। युद्ध में महाराज मेदिनीराय अपने वीरों के साथ तुर्की सेना के सिर काटते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए। चारों और सन्नाटा छा गया। दुर्ग का द्वार खुला हुआ था और बाबर जिसके साहस की दंत-कथाएं संपूर्ण एशिया में प्रचलित थी, वह चंद्रगिरि के दुर्ग पर जाने से घबरा रहा था। घाटी से नीचे के दरवाजे की ओर रक्त की धाराएं प्रवाहित होकर रक्त को एकत्रित कर रही थी। तभी से फुहारी जी वाले दरवाजे को खूनी दरवाजा के नाम से आज तक जाना जाता है।

उन्होंने बताया कि खानवा के युद्ध में मेदिनीराय द्वारा बाबर की सेना को काफी क्षति पहुंचाई थी जिसके कारण बाबर ने कुपित होकर 9 दिसंबर 1527 को चंदेरी पर आक्रमण करने का निर्णय लिया। बाबर, जलेसर से चंबल और कनार नदी से कालपी, एरच होता हुआ 22 जनवरी 1528 ई. को चंदेरी के नगर के बाहर से घूमता हुआ वर्तमान रामनगर के बहुजात खां तालाब पर अपनी सेना के साथ रुका। बाबर ने पूर्व में ही नसीरुद्दीन के पोता अहमद खां को पहले ही अपने साथ कर लिया था। क्योंकि पूर्व में चंदेरी उसी के अधिकार में थी। इस बीच बाबर की ओर से अरायश खां और शेख गोरन को मेदिनीराय के पास चंदेरी दुर्ग को छोड़ने और





बाबर की तोपखाने से सज्ज भारी सेना से डराने व धमकाने के साथ बाबर के आगे झुकाने का प्रयास किया गया। जब बात नहीं बनी तो 27 जनवरी 1528 ई. को बाबर ने चंदेरी पर हमला कर दिया। इस युद्ध में मेदिनीराय और उनके वीरों के मध्य घमासान युद्ध हुआ। जिसमें बाबर की सेना पराजित हुई।

28 जनवरी के युद्ध में महाराज मेदिनीराय घायल हुए और उन्हें उपचार हेतु चंदेरी दुर्ग में लाया गया। इस दिन भी बाबर की सेना को काफी क्षति हुई और इसके पश्चात एक बार पुनः अरायश खां को महाराज मेदिनीराय के पास समझौता हेतु भेजा गया। जिसमें चंदेरी के बदले शमशाबाद देने का सुझाव रखा गया। लेकिन मेदिनीराय इसके लिए तैयार नहीं हुए। तब रात्रि के समय नगर के द्वार खुलवाकर चंदेरी नगर को खूब लूटा गया, आग लगा दी गई व भीषण मार-काट की गई। बाबर की सेना ने नगर के मध्य प्रजाजनों के शवों को एकत्रित कर उन पर अपना ध्वज गाढ़ दिया। यह देख महाराज मेदिनीराय और महारानी मणिमाला का खून खौल गया और उन्होंने अंतिम युद्ध लड़ने का निश्चय किया।

### अंतिम युद्ध इतिहास में जाना जाता है

दुर्ग पर जैसे ही महारानी मणिमाला को महाराज के वीरगति प्राप्त होने की सूचना प्राप्त हुई, तो वह तुरंत पूजा की थाली लेकर मंदिर में पूजा हेतु निकल गई और जौहर की अग्नि प्रज्ज्वलित करने का आदेश दिया। दुर्ग पर उपस्थित अनगिनत वीरांगनाएं महारानी के पीछे-पीछे अपने बच्चों के साथ मंदिर की में पूजन-अर्चन कर अग्नि कुंड में जाने को आतुर हुई। वह अपने सतित्व की रक्षार्थ एक-एक करके सभी जौहर के अग्नि कुंड में चली जा रही थी। ऐसा कहा जाता है कि इस जौहर कुंड की ज्वालाएं चंद्रगिरि के दुर्ग से 15-15 कोस की दूरी तक दिखाई देती थीं।

बाबर जैसे ही दुर्ग पर आया तो चारों ओर के भयावह वातावरण को देखकर घबरा सा गया लेकिन उसने अपनी घबराहट को छुपाते हुए अपनी क्रूरता का एक और परिचय दिया। उसने चंद्रगिरि दुर्ग के उत्तर पश्चिम में मेदिनीराय के सैनिकों के सिरों को कटवा कर मीनार बनवाई।

डॉ. रिजवी, बाबरनामा में लिखते हैं कि - मेदिनीराय इस युद्ध में नहीं मरे, वरन् मुगलों के द्वारा बंदी बना दिए गए। बाबर ने पहले उन्हें बलात (जबरदस्ती) मुसलमान बनाया और फिर उनकी हत्या कर दी। इसके पश्चात बाबर ने अहमद खां को 50 लाख का मुल्क खालिसा (मनसबदारी) निर्धारित कर मुल्ला आफाक को दो-तीन हजार तुर्की और हिंदुस्तानी सेना के साथ छोड़कर चंदेरी दुर्ग से निकल गया।

*राज्य गया, रानी गई, यह थाती हमको सौंप।*
*लहू से इनके जलती है, वह वाती हमको सौंप।।*
*चन्द्रगिरि वीरांगनाओं की, जौहर अमर कहानी है।*
*भारत के वीर सपूतों की यह, रियासत रही पुरानी है।।*